Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 12-04-2023 | अंक 538

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### ज्वाहर घाट में डूबकर महिला ने अपना जीवन लीला किया समाप्त

**अपेम लाइव : बरही**

बरही पटना रोड में स्थित ज्वाहर घाट में डूबकर एक विधवा महिला ने अपना जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक का पहचान मोसोमात उमनी देवी उम्र लगभग 53 वर्ष पति स्वव जगदीश यादव ग्राम हरिला के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अपने गांव के एक सरकारी विद्यालय में रसोइया के रूप में कार्य करती थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महिला पिछले कुछ दिनों से तनाव में चल रही थी, जिससे वह काफी परेशान थी। महिला मंगलवार देर शाम बेंदगी पंचायत के पोड़ैया पहुंची और आत्महत्या करने के इरादा से वह नदी में कूद गई। वहीं खेत में काम कर रहे किसानों ने जब महिला को डूबते देखा तो किसानों ने महिला को डूबने से बचाया गया। लेकिन उसके कुछ देर बाद ही महिला की मौत हो गई। वहीं स्थानीय लोगों ने इस बात की जानकारी बरही थाना को दी जानकारी मिलते ही बरही थाना ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया दिया। वहीं मृतक महिला का अंतिम संस्कार बुधवार को हरिला में किया गया।

### सरकारी शिक्षक कि हत्या की आशंका



**अपेम लाइव : बिरनी**

बिरनी थाना क्षेत्र के केशोडीह पंचायत के सिरमाडीह गांव निवासी बिनोद साव हत्या कर देने की आशंका जताई जा रही है इस सम्बंध में बताया जाता है कि मृतक राजधनवार थाना क्षेत्र के जमदार गांव के एक विद्यालय में सरकारी शिक्षक थे और बलहारा गांव में भाड़े पर लेकर एक कमरे में अपने परिवार के साथ रहता था । अचानक बीते रात से गायब था और सुबह गांव के एक पेड़ पर फंदे से झूलता हुआ पाया गया घटना की सूचना मिलते ही परिवार वालो का रोरोकर बुरा हाल है मृतक अपने पीछे दो बच्चे और बीबी छोड़ गया घटना स्थल पर स्थानीय मुखिया जिला परिषद सदस्य और ग्रामीण पहुचे ओर घटना के कारणों का पता लगाने का कोसिस किया लेकिन खबर लिखे जाने तक घटना के कारण पता नही चल पाया है।

### उपायुक्त से मिलकर जमीन की मुआवजा लगाई गुहार

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : जिले में एनएचआई के द्वारा फोरलेन पथ निर्माण किया जाना है।इस निर्माण को लेकर के भूमि अधिग्रहण किया गया है।जिसमें रैयती जमीन का मुआवजा तो मिल रहा है।लेकिन जिसका जमीन बंदोबस्त है 70 साल से जोत कोड कर रहा है तथा रसीद भी कटाते आ रहा है उसे मुवावजा नहीं मिल रहा है । इस संबंध में भू अर्जन कार्यालय से संपर्क करने पर बताया गया कि ऐसा कोई सर्कुलर नहीं है ।अगर है तो बताया जाए।

## कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ का शुरुवात, भक्तो का उमड़ा जनसैलाब

### जगदीशपुर में है भक्ति का माहौल, यज्ञ से तन मन का होता है शुद्धिकरण : मनोज यादव






**अपेम लाइवः चौपारण किशोर राणा**

जगदीशपुर में आयोजित श्री श्री 1008 माँ भगवती सह हनुमंत महायज्ञ का कलश यात्रा के साथ शुभारम्भ हुवा। नौ दिनों तक चलने वाले महायज्ञ का शुभारंभ चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी ने वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व विधायक मनोज कुमार आदि के उपस्थिति में फीता काटकर किया। इससे पूर्व यज्ञ समिति के पदाधिक. ारियों व सदस्यों ने अतिथियो को भगवा गमछा देकर समान्नित किया। कलश यात्रा जगदीशपुर देवी मंडप से निकलकर पाण्डेयबार होते हुए चपरी पहुँचा। वाराणसी से आये आज्ञाचर्य शशिकांत पांडेय ने जलभरी का कार्य सम्पन्न कराया। कलश यात्रा में भक्तो का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि जगदीशपुर सहित आसपास के क्षेत्र में भक्ति का माहौल है। कहा यज्ञ आयोजन से तन मन के साथ वातारण का शुद्धिकरण होकर ह०ट है। चौपारण प्रमुख ने कहा कि जगदीशपुर के ग्रमीणों पर भगवान की कृपा सदैव बना रहे । यज्ञ समिति के संरक्षक सुकर यादव, बैजनाथ यादव अध्यक्ष रामब्यास यादव, सचिव रामाधीन तुरी, कोषाध्यक्ष विजय यादव आदि ने बताया कि आयोध्याधाम से आई सुप्रसिद्ध प्रवचन कर्ता पूज्य प्रेमा सखी जी महाराज के मधुरवाणी से प्रवचन किया जाएगा। कलश यात्रा में स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, जीप सदस्य रविशंकर अकेला यादव, राकेश रंजन, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, पूर्व सदस्य रामस्वारूप पासवान, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र चनद्रवंशी, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, स्थानीय समिति सदस्य युगल ठाकुर, सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, कैलाश भुइयाँ, पूर्व मुखीया अनिल पांडेय, समाजसेवी डॉ बीके यादव, जगदीश यादव, प्रेम यादव, प्रभु चनद्रवंशी, सीकेन्द्र चनद्रवंशी, रामचन्द्र सिंह, मनोज सिंह, रबिश सिंह, मदन राणा, यज्ञ समिति के सक्रिय सदस्य चंद्रदेव यादव, रंजीत यादव, शंकर यादव, विकास यादव, पिंटू यादव, भीम तुरी, महेंद्र रविदास, रौशन कुमार, सहित अन्य ने सामिलित हुए

APEM LIVE

## महामहिम राज्यपाल के नाम बरही विहिप ने बरही बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

### जमशेदपुर की घटना निंदनीय लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई घोर निंदनीय : नंदकिशोर

**अपेम लाइव : बरही सोनु पंडित**




विश्व हिंदू परिषद बरही ने प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर के नेतृत्व में बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी सी.आर. इंदवार को महामहिम राज्यपाल के नाम जमशेदपुर में घटित घटना के बाद की गई प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद ने बताया कि आततायी समुदाय द्वारा सनातन संस्कृति को प्रभावित करने एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए मंदिर में प०लिथीन में बांधकर भगवा ध्वज में प्रतिबंधित मांस टांग दिया गया था जिसका सनातन परिवारों ने विरोध किया लेकिन प्रशासनिक पहल के बाद सनातन परिवार अपने मंदिर परिसर के शुद्धिकरण का कार्य कर रहे थे तभी आतताइयों द्वारा मंदिर परिसर पर पथराव किया जाने लगा और पेट्रोल बम का प्रयोग किया गया कई दुकानें जलकर राख हो गई लाखों की क्षति हुई इसके बाद भी सनातन परिवार के ऊपर लगातार मुकदमा दर्ज कर पुलिस प्रशासन के द्वारा गिरफ्तारी का कार्य किया जा रहा है जो केवल निंदनीय ही नहीं घोर निंदनीय है। सरकार के द्वारा इस प्रकार की एक्ट एकपक्षीय कार्रवाई किए जाने के विरोध में उच्च स्तरीय जांच की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद पूरे झारखंड में महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन देने का कार्य कर रहा है इस निमित्त बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर यह कार्य संपन्न किया गया। इस कार्य में विहिप जिला मंत्री अर. विंद मेहता, जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव, प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर कुमार, प्रखंड उपाध्यक्ष निरंजन केशरी, प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, एकल के विनोद पासवान एवं सामा. जिक कार्यकर्ता प्रभु यादव मुख्य रूप से मौजूद थे।

## भाजपा पिछड़ा मोर्चा ने की बैठक प्रधानमंत्री मोदी के 9 वर्षों की कार्यकाल को बेहतर बताया

**अपेम लाइवः बडकागॉव अमित मालाकार**

बड़कागांव : भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा जाति मोर्चा बड़कागांव पश्चिमी मंडल का बैठक राम जानकी मंदिर में किया गया। जिसकी अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा पश्चिम मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार रंजन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो विशिष्ट अतिथि ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री ड०क्टर बालेश्वर महतो उपस्थित रहे। जिला ओबीसी मोर्चा के निर्देशानुसार ओबीसी कल्याण के लिए मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए गए योजनाओं को ओबीसी मोर्चा घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी। उपस्थित पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा नीट आरक्षण समाजिक के लिए प्रतिबद्ध न्याय सरकारी एम बी बी एस /बीडीएस कॉलेज में ओबीसी एनसीएल विद्यार्थियों के लिए 27ः आरक्षण दिया गया। इससे पिछड़े वर्ग के हजारों युवाओं को हर साल बेहतर अवसर प्राप्त करने और सामाजिक न्याय का




एक नया प्रतिमान बनाने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, जिला मंत्री बालेश्वर महतो, पूर्व जिप सदस्य टुकेश्वर प्रसाद, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार रंजन, ओबीसी मोर्चा महामंत्री राम स्वरूप नारायण, भाजपा मंडल महामंत्री नरसिंह प्रसाद, पूर्व मुखिया अनीता देवी, युवा मोर्चा जिला सोसल मीडिया प्रभारी शिबू मेहता, मेवालाल नाग, धर्मेंद्र प्रसाद, कृष्णा साव, अजीत कुमार, अमित कुमार रंजन, शनीचर महतो अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## शार्ट सर्किट से झुलसे नवजात की 17 दिन बाद इलाज के दौरान मौत

**अपेम लाइव : बिरनी**
**लखदेव वर्मा**



शॉट सर्किट से झुलसे नवजात बच्चे की इलाज के दौरान 17 दिनों बाद मौत हो गई ।
क्या है मामला : जानकारी के अनुसार बता दें कि प्रखण्ड मुख्यालय के नजदीक पलौंजिया बाजार स्थित फल दुकान में बीते 27 मार्च को अचानक 11 हज़ार वोल्ट तार के शॉट सर्किट होने से दो माँ–बेटे झुलस गए थे जिसकी पहचान पलौंजिया निवासी 32 वर्षीय द्रौपदी देवी तथा 2 वर्षीय आयुष कुमार थे । घटना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी में उपचार के बाद दोनों को रेफर कर दिया गया।आनन–फानन में दोनों को धनबाद के असर्फी अस्पताल में भर्ती कराया गया तथा 1 सप्ताह बाद दोनों को छुट्टी दे दी गई जिसमें लगभग 4 दिनों बाद नवजात की हालत अचानक बिगड़ गई जिसके बाद रांची के रानी चिल्ड्रेन में भर्ती कराया गया जहाँ 6 दिनों तक उपचार चलने के बावजूद स्थिति में सुधार नही हुई और आज नौजात ने जंग हार गया जिससे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई । परिजनों ने जानकारी देते हुए कहा कि दोनों माँ–बेटे के झुलसने से अब तक लगभग 6 लाख रुपये खर्च हो चुके हैं और झुलसी महिला में डॉ के अनुसार अब भी 6 लाख रुपये खर्च होंगे । वहीं नौजात के मौत की खबर होने से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है तथा पलौंजिया बाजार में मातम पसर गया है ।

## दो बाइक के बीच टक्कर में एक बाइकसवार की मौत, एक घायल

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ गोमियां रोड में बनासो के गरहमुर्गी के पास बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार की मौत हो गई। मृतक की पहचान कंजकीरो के विजय महतो (40) पिता मंगर महतो के रूप में हुई है। बताया जाता है कि विजय महतो बनासो के साप्ताहिक बाजार से अपनी प्लेटिना बाइक से महुआ लेकर घर लौट रहे थे। इसी क्रम में सामने से आ रही एक बुलेट बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गयी। इस जोरदार टक्कर से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं बुलेट सवार की एक टांग टूट गयी।घटनास्थल के पास मौजदू लोग घायलों को लेकर विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां विजय महतो को मृत घोषित कर दिया गया। घटनास्थल के तीखे मोड़ पर पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। पुलिस से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## गौरियाकरमा पंचायत में भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का हुआ आयोजन, बरही विधायक हुए शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी की ओर से गौरियाकरमा पंचायत में जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बरही विधानसभा के विधायक उमाशंकर अकेला, पीसीसी डेलिगेट झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी सह ज़िला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, परमेश्वर यादव, पूर्व मुखिया मनोज कुशवाहा, शाजिद आलम, महेश यादव, मंडल अध्यक्ष रघुवीर यादव, अर्जुन यादव, मो उपेंद्र पांडे, मो कयूम, मो इलियास, विशाल यादव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि आज देश गंभीर संकट से गुजर रहा है, लोकतंत्र खतरे में है। केंद्र की सरकार, एक उद्योगपति अदानी को बचाने के लिए एलआईसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जमा गरीबों की राशि अडानी के सेल कंपनियों में कर्ज दिला कर एलआईसी और बैंकों को बेचने कि तैयारी कर रही हैं। उन्होंने उपस्थित जन समुदाय को कहा कि राहुल गांधी को एक साजिश के तहत एक अवमानना याचिका दायर करवाकर एक मुद्दाहिन मामले में 2 वर्षो की सजा सुनाई गई है। 24 घंटे में लोकसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर उनका लोकसभा की सदस्यता रद्द कर दिया है, जो बिल्कुल गलत एवं अलोकतांत्रिक है।

## बड़कागांव प्रखंड मेंआठवीं बोर्ड की परीक्षा कल होगी सैकड़ों परीक्षार्थी होंगे शामिल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड के निर्देश पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल राज्य भर में आठवीं बोर्ड की परीक्षा 1 दिन में संपन्न कराएगा जो कल 13 अप्रैल को राज्य भर में आठवीं की परीक्षा दो पारियों में आयोजित कर रही है। विद्यार्थी भाषा के दो विषय और गणित, विज्ञान और समाज विज्ञान की एक एक विषय की परीक्षा ओएमआर शीट पर देंगे । पांच पत्र के प्रश्न दो पारियों में हल करना है सभी प्रश्न ऑब्जेक्टिव होंगे। आठवीं के विद्यार्थी पहली बार ओएमआर शीट पर बहु वैकल्पिक प्रश्नों को हल करेंगे ।उक्त परीक्षा के लिए होम सेंटर नहीं होगा। सरकारी विद्यालयों में नया शैक्षणिक सत्र जून में प्रारंभ होगा।

**बड़कागांव प्रखंड में 2332 परीक्षार्थी होंगे शामिल**

बड़कागांव प्रखंड में आठवीं बोर्ड की परीक्षा को लेकर कुल पांच परीक्षा केंद्र +2 हाई स्कूल बड़कागांव , कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव , आदर्श मध्य विद्यालय बड़कागांव , यूएचएस जुगरा एवं यूएमएस महटिकरा बनाए गए हैं। जिसमें कुल 2332 विद्यार्थी शामिल होंगे। मामले को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिक. ारी जवाहर प्रसाद ने बताया कि परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई है। प्रखंड में शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न द होगा। शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने को लेकर बीआरपी सीआरपी, एवं परीक्षा केंद्र के शिक्षकों के साथ–साथ 43 अतिरिक्त परीक्षक लगाए गए हैं।

## गौरियाकरमा : डॉ भीम राव अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम का होगा आयोजन, उपयुक्त होंगी शामिल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही : डॉ भीम राव अंबेडकर की 132 वीं जयंती पर गौरियाकरमा में दिनांक 14 और 15 अप्रैल को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अनुमंडल अधिकारी पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो सहित बरही थाना प्रभारी ललित कुमार शामिल होंगे। इस बात की जानकारी इस कार्यक्रम के सचिव तुलसी कुमार दास ने दी है।

## जिप अध्यक्ष और जिप उपाध्यक्ष ने गरजामो में कब्रिस्तान घेराबंदी कार्य का किया जांच, विभाग को जांच का दिया आदेश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता एवं जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव द्वारा बरही प्रखंड के गरजामो में कब्रिस्तान घेराबंदी कार्य की समीक्षा करने स्थल जांच किया गया। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत सही है। बताया कि चिमनी भट्ठा की जगह पर बंगला ईंट का प्रयोग कर रहे थे और सीमेंट बालू का अनुपात भी बहुत ही खराब था। इस संबंध में उन्होंने तत्काल इसके जांच का आदेश विभागीय अभियंता को दूरभाष पर दी एवं प्रतिवेदन समर्पित करने को कहा। वहीं लाभुक समिति के अध्यक्ष रमजान अंसारी ने बताया की जब से इस काम को लेकर एग्रीमेंट किया हूं तब से लेकर आज तक इस चारदीवारी के राजनीति का अखाड़ा बना दिया गया है। जिस दिन से मुझे वर्क अ०र्डर मिला है उसी समय से मेरे विपक्षियों द्वारा लगातार मुझे परेशान किया जा रहा है साथ ही साथ उन्होंने कहा की जिस काम में अमीमियत्ता का आरोप लगाया जा रहा है उस कार्य को जिला अभियंता द्वारा जांच भी किया गया बाई।

## परबत्ता हनुमान मंदिर में यज्ञ को लेकर किया गया ध्वजारोहण

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा : प्रखंड के बरकट्ठा उत्तरी पंचायत स्थित ग्राम परबत्ता में 10 माई 2023 से 18 माई 2023 होने वाले श्री श्री 1008 श्री मारुति नंदन सा रामचरित्र मानस महा महायज्ञ एवं हनुमान मंदिर प्रतिष्ठा को लेकर 12 अप्रैल को ग्रामीणों ने यज्ञाचार्य पंडित छोटे सरकार अयोध्या की देखरेख में उक्त मंदिर के समीप ध्वजारोहण किया। इस मौके पर आचार्य पंडित छोटे सरकार और उनके सहयोगी पंडितों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर मंदिर परिसर में ध्वजारोहण किया। कथावाचक श्री शिवम शुक्ला अयोध्या कथा वाचिका देवी ज्योति शास्त्री अयोध्या ध्वजारोहण कार्यक्रम में पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव, दर्शन सोनी, अशोक नायक मुख्य रूप से उपस्थित थे। ध्वजारोहण के पूर्व ग्रामीणों ने गांव का भ्रमण ढोल गाजे–बाजे व आतिशबाजी कर किया। नगर भ्रमण के दौरान ग्रामीण धर्म से जुड़े गगनचुंबी नारे लगा रहे थे । शोभायात्रा में बूढ़े, बच्चे ,युवक, युवतियां व महिलाएं शामिल थीं । ग्रामीणों ने यज्ञ समाप्ति तक पूरे गांव में मांस मदिरा का सेवन नही करने को लेकर पूर्ण पाबंदी का संकल्प भी लिया । मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष बालकी यादव उपाध्यक्ष रूपलाल यादव किशोर पांडे सचिव छोटी यादव दीपक राणा, कोषाध्यक्ष महेश मंडल संदीप राणा उपसचिव श्रीकांत पांडे प्रयाग राम उप कोषाध्यक्ष रमेश यादव वीरेंद्र राणा निगरानी समिति अध्यक्ष शूसेन पांडेय वा प्रवीण पाण्डेय रोहित यादव महादेव यादव संजय यादव गोलू यादव सुमन यादव सिक्की विश्वकर्मा साहेब मंडल राम यादव संदीप राणा राकेश राणा बिट्टू राणा राहुल राणा रणजीत राणा आनंद सोनी रोहित यादव रवि यादव विनय मंडल नारायण मंडल राजेश मंडल ,शिव शंकर यादव राजेश यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## समुदायिक स्वस्थ केंद्र की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहारः समुदायिक स्वस्थ केंद्र के सभागार में बुधवार को प्रभारी चिकित्सा पधिकारी डॉ. नीलमणी कुमार की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में सरकार द्वारा चलायें जा रहे स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वस्थ सेवाओं के बारे में एवं ग्रामीणों को कैसे जागरूक किया जाये ताकि अधिक से अधिक लोगों तक सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ग्रामीण उठा सकें इसके बारे में चर्चा किया गया। ग्रामीणों क्षेत्रों में स्थित स्वास्थ्य केंद्रों में सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों के उपलब्धियों के बारे में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से जानकारीयां लिया गया। साथ ही कार्यक्रम को कैसे बेहतर तरीके से आमजनों तक पहुंचाया जाये , इसके को लेकर प्रभारी चिकित्सा डॉ. नीलमणी कुमार ने बैठक में उपस्थित स्वास्थ्य कार्यकर्मीयों को कई दिशा निर्देश भी दिया है। इस बैठक में गोल्डने कार्ड , मिशन इंद्रधनुष , कुपोषण , टीकाकरण , कोविड एवं सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में चर्चा किया गया। मौके पर रूद्र वर्मन , डॉ. राजेश कुमार झा , डॉ. रूबी कुमारी , आषिश डीन , बै. एम. सुनील कुमार , बीपीएम विशाल मिश्रा , संध्या कुमारी , एएनएम शोभावती कुमारी , एएनएम ऐली संजिता कुमारी , एएनएम पूनम कुमारी , सबीता कुमारी , एएनएम संयुक्ता कुमारी , बंसती नगेशिया , कविता कुमारी , बीणा कुमारी , रीता कुमारी , एमपीडब्ल्यू सर्व श्री पांडेय , विकेश कुमार , सुरेंद्र सिंह , पप्पू कुमार , प्रमेश्वर कुशवाहा , सीएचओ बृजीट आंइद , पुनम कुमारी, सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

## हजारीबाग के ब्रेन आईएस अकादमी में झारखंड सिविल सेवा और एसएससी सीजीएल टेस्ट सीरीज 16 अप्रैल से होगी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



हजारीबाग शहर के मटवारी में स्थित आईसीआईसीआई बैंक परिसर के ब्रेन अकादमी में झारखंड सिविल सेवा और एसएससी सीजीएल तैयारी टेस्ट सीरीज 16 अप्रैल से शुरू है। संस्थान के उप. निदेशक कृष्णा राणा ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट में ड०ट क्लास फ्री किया गया है। वही टेस्ट परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले 3 विद्यार्थी को प्रथम द्वितीय तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा. पेपर वन एवं टू मिलाकर विद्यार्थी कुल 60 पेपर का टेस्ट लिखेंगे। टेस्ट सिरीज में शामिल होने वाले विद्यार्थियों से न्यूनतम शुल्क निर्धारित किया गया। इस बात की जानकारी संस्थान के उपनिदेशक कृष्णा राणा ने दी है।




## शतचंडी यज्ञ को लेकर कोल्हैया में निकाला गया कलश यात्रा

### सैकड़ो महिला एवं पुरुषों ने माथे पर कलश लेकर पहुंची नदी





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : प्रखंड क्षेत्र के कोल्हैया पंचायत अंतर्गत कोल्हैया गांव में आयोजित होने वाली शतचंडी महायज्ञ को लेकर बुधवार को भव्य कलश यात्रा सह शोभायात्रा निकाला गया। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा में महिलाएं और पुरुष श्रद्धालुओं सामिल हुए। इस दौरान देवी-देवताओं की जय-जयकार से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।कलश यात्रा कोल्हैया देवी मंडप यज्ञ स्थल से प्रारंभ होकर सम्पूर्ण कोल्हैया गांव होते हुए नदी के संगम तट पर पहुंचा। जहां यज्ञाचार्य अमित उपाध्याय सहित कई वैदिक ब्राह्मणों व विद्वानों के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ एक वरुण देव के विधि-विधान से पूजा-अर्चना कराकर विधिवत पूजा-अर्चना के बाद कलश में जल उठाया गया। तत्पश्चात कलश यात्रा पुनः यज्ञ स्थल पर पहुंचा जहां परिक्रमा के पश्चात कलश स्थापित किया गया।यज्ञ को लेकर लोगों में काफी उत्साह का माहौल है।शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा को सफल बनाने में यज्ञ समिति के लोगों ने जगह-जगह पर कमेटी के लोगों को लगाया था।जल यात्रा में मुख्य रूप से जनार्दन पासवान, प्रखंड प्रमुख इंदु देवी, उपप्रमुख सुमन सिंह,थाना प्रभारी विनोद कुमार,सब इंस्पेक्टर नंदन कुमार सिंह,मुखिया सोनिया देवी,सौरभ सिंह,प्रदीप पासवान,यज्ञ समिति के अध्यक्ष सन्तोष रौशन कोषाध्यक्ष बाबु लोहार,सचिव राजेश सिंह,के अलावा विनय सिंह, राकेश, कमलेश,शिवकुमार केशरी उर्फ बुलु सिंह,बब्लू भुइयाँ, बबलू राम,पंकज सिंह, तालेश्वर यादव, बिनोद यादव, मुकेश यादव,शंकर रोयस्तार,सहित सैकड़ों की संख्या में राम भक्त मौजूद थे।

## राजपुर पंचायत सचिवालय में मुखिया ने किया समीक्षा बैठक

### पंचायत में संचालित सभी विभागों को विकास से सम्बंधित दिया कई दिशा निर्देश

### राजपुर पंचायत को अलग पहचान दिलवाएंगे : मुखिया

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी : प्रखंड के राजपुर पंचायत सचिवालय में बुधवार को पंचायत स्तरीय सभी विभागों के कर्मियों के साथ मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया।बारी बारी से सभी विभागों के कर्मियों ने अपने अपने विभाग के द्वारा पंचायत क्षेत्र में संचालित जनकल्याणकारी विकास योजनाओं के बारे में बताया।इस बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया विकास कुमार उर्फ छोटू के द्वारा किया गया। कुमार ने सभी विभागों के कर्मियों को पूरे पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ कार्यों को धरातल पर उतारने को कहा।इस मासिक समीक्षात्मक बैठक में पंचायत के माननीय उपमुखिया, माननीय सभी वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक, शिक्षा विभाग से, स्वास्थय विभाग से,पेयजल और स्वच्छता विभाग से,कृषि विभाग से,मनरेगा से, जन वितरण प्रणाली से, आंगनबाड़ी केंद्र से,जल सहिया दीदी, स्वास्थ्य सहिया दीदी,महिला समूह के दीदी जी उपस्थित हुए।इस समीक्षात्मक बैठक में राजस्व विभाग,पशुपालन विभाग,ऊर्जा विभाग,के कोई भी पंचायत कर्मी उपस्थित नहीं हो पाए। जो बहुत ही दुखद है। इसमें बैठक में प्लास्टिक और थर्मोकोल के बने प्लेट के उपयोग पर धीरे-धीरे प्रतिबंधित करने पर सहमति बनी।वहीं मुखिया ने बताया कि राजपुर पंचायत को पूरे जिले में एक अलग पहचान दिलवाना मेरी तमन्ना है।वहीं राजपुर पंचायत को विकसित करना मेरी जिम्मेवारी भी है।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार
सहयोगी: सोनू पंडित,
एडिटिंग- सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन जागरूकता अभियान का आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**
**मो.रुस्तम**




महुआडांड़/लातेहार : आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के अंतर्गत महुआडांड़ के अक्सी पंचायत के बाँसकरचा मिडिल स्कूल में वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान का आयोजन जेएसएलपीएस के माध्यम किया गया । इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेनदेन संबंधी जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ बढ़ाना है, डिजिटल ट्रांजेक्शन अभियान के तहत मूलभुत बैंकिंग सेवाओं को घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है तथा डिजिटल ग्रामीण भारत अंतर्गत डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देना है।इस अभियान के द्वारा गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए बैंक सखी वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में बैंक और जेएसएलपीएस के सामूहिक प्रयास से वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपस्थित दीदियों को वित्तीय समावेशन अंतर्गत विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया,मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल लेन देन से लाभ एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय भी बताए गए। मुद्रा लोन पर भी चर्चा की गई।मौके पर मुखिया,वार्ड, जेएसएलपीएस बीपीओ सुजीत कुमार, बैंक सखी रूबी मिंज, जैनब खातून रिजवाना खातून,सखी मंडल की दीदी उपस्थित रहे।

## जिप सदस्या सुनीता देवी ने 9,60,000 लागत राशि से गार्डवाल निर्माण का शिलान्यास किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखण्ड बड़कागांव के महुगाई कला के गुहिया पोखर में गार्डवाल निर्माण का शिलान्याश बड़कागांव मध्य जिला परिषद सदस्य सुनिता देवी के द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। शिलान्यास के दौरान जिप सदस्य सुनीता देवी ने कहा कि जिला परिषद के द्वारा कांडतरी गांव में 600000 लागत राशि से सुधु महतो के घर से स्कूल तक पीसीसी सड़क का निर्माण कराया गया है।वही 1000000 लागत राशि से बुढ़वा महादेव रानी तालाब की गहरीकरण एवं सुंदरीकरण का कार्य किया जाएगा। इसके अलावा जिला परिषद से कई विकास कार्य किए जाएंगे।मौके पर पंचम कुमार, प्रतिनिधि जिला परिषद् सदस्य, पंसस सुनीता देवी, ननकु रविदास, गिरधारी साव, गणेश साव ,नरेश साव ,बसंत राम, मदन राम, बलदेव राम, जयंती देवी ,कोलिया देवी, राधा देवी, आशा देवी , मो करमी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहार : जिला मुख्यालय के राष्ट्रीय जनता दल कार्यालय में बुधवार को जिला कार्यसमिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने की। बैठक में सभी मंच मोर्चा के जिला कार्यसमिति सदस्य, सभी प्रखंड के प्रखंड कार्य समिति सदस्य व मंच मोर्चा के प्रखंड कार्य समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में दूसरे दल को छोड़कर राष्ट्रीय जनता दल में शामिल हुए। जहां पार्टी के जिला अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने नए कार्यकर्ता श्याम किशोर दुबे, मुकुलु उरांव, बबीता देवी, सविता देवी को पार्टी का पट्टा पहनाकर गर्म जोशी से स्वागत किया गया। वहीं इस बैठक में ममता देवी को सरयू प्रखंड अध्यक्ष व भोला सिंह को लातेहार जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। राष्ट्रीय जनता दल के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने कहा कि सरकार झारखंड के सात जिलों में ओबीसी को आरक्षण नहीं देकर उनके हक व अधिकारों से वंचित रखा गया है। उन्होंने कहा कि लातेहार जिला में ओबीसी की बहुलता है। बावजूद इसके इस जिला में ओबीसी को आरक्षण शून्य है। यहां के अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा दे रहे है, लेकिन जब नौकरी की बात आयेगी तो उन्हें आरक्षण नहीं मिलेगा। यहां के छात्र व अभिभावकों के साथ अन्याय होगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी आरक्षण व सर्वे त्रुटि में सुधार की मांग को लेकर पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक धरना दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सर्वे गलत होने के कारण भाई- भाई में लड़वाकर दलाल लोग जमीन हड़पने में लगे हुए हैं। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने कहा कि अंचलों में कोई भी कार्य बिना दलाली के नहीं हो पा रही है। जिससे आम जनता काफी त्रस्त है। साथ ही साथ बिचौलियों की मनमानी कुछ इस तरह बढ़ गई है कि कोई भी रैयत बिना बिचौलियों के पैसा दिए अपना कार्य अंचल से नहीं करवा सकता है। इनदिनों अंचल अधिकारियों का इतना मनोबल बढ़ गया है। वे सीधे तौर पर रजिस्टर टू जैसे दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सर्वे में त्रुटि होने के कारण रैयत प्रखंड व कोर्ट का चक्कर लगाकर थक गए हैं।इस मौके पर प्रधान महासचिव मोहर सिंह यादव, देववंश यादव, ममता देवी, सुरेश राम, कन्हाई पासवान, भोला सिंह, उषा देवी ,हरिहर यादव, संतोष यादव, रंजीत यादव, सुरेश प्रसाद, पुरुषोत्तम कुमार यादव, अजय कुमार पासवान, मिट्ठू लोहरा, जगनारायण माली, निशार अहमद, रविंद्र प्रसाद सोनी, आदित्य कुमार यादव, मदन यादव, अलाउद्दीन ,कविता देवी मुकुलु उरांव, प्रितलाल यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद की मांग- योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन में स्थानीय व पंचायत प्रतिनिधियों को दिया जाए विशेष आमंत्रण

### योजना के शिलापट्ट में सभी स्थानीय एवं पंचायत प्रतिनिधियों का नाम अंकित किया जाए : अंबा प्रसाद

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने जिले के विभिन्न विभागों के अंतर्गत चलने वाले विभिन्न योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन में स्थानीय व पंचायत प्रति. निधियों को विशेष आमंत्रण प्रदान करने तथा योजना के शिलापट्ट में सभी स्थानीय एवं पंचायत प्रति. निधियों का नाम अंकित करवाने की मांग की है। और इस संदर्भ में उन्होंने जिला उपायुक्त को पत्र भी लिखा है। विधायक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिले में विभिन्न विभागों के द्वारा कई विकास योजनाएं क्रियान्वित हो रही है तथा योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा की काफी शिकायतें प्राप्त होते रहती है। ज्ञातव्य हो कि विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने एवं उसके सफल क्रियान्वयन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों यथा जिला परिषद सदस्य,प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य समेत कई अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका होती है, तथा काफी प्रयासों के पश्चात योजना धरातल पर उतरती है। वर्तमान में योजनाओं के शिलान्यास व उद्घाटन समारोह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण नहीं देने एवं योजना के शिलापट्ट में उनका नाम भी अंकित नहीं रहता है जो कतई न्याय संगत नहीं है। विधायक ने इस संदर्भ में हजारीबाग डीसी से मांग की है कि जिला प्रशासन एक स्पष्ट दिशा निर्देश सभी विभागों एजेंसियों को देते हुए स्थानीय जनप्रति. निधियों यथा जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, मुखिया, पंचायत समिति सदस्यों के उचित मान-सम्मान को ध्यान में रखते हुए जिले में हो रहे विकास कार्यों के उपलक्ष्य में आयोजित उद्घाटन एवं शिलान्यास समारोह में विशेष आमंत्रण देने तथा शिलापट्ट में स्थानीय जनप्रतिनिधियों का नाम अंकित करने व पूर्व में लगे हुए सभी शिलापट्टों में सभी स्थानीय जनप्रति. निधियों का नाम अंकित करवाया जाए।




